**SUBJECT: To upload the Annual Administrative Report for 2017-18 of Department of Higher Education on the official website of the Department.**

*****

Kindly refer to the Subject Cited above.

The Annual Administrative Report for session year 2017-18 of Higher Education Department has been approved by the Committee of Secretaries vide letter U.O No. 16/22/2005-Pro Dated 14.02.2022 (copy enclosed) and same has to be uploaded in the official website of the Department. One copy of Annual Administrative Report for session year 2017-18 is attached herewith (Hard copy from page no. 01 to 18 & soft copy is mailed on E-mail IT Cell).

DA: As above.

P. Kaur 08.4.22
Research Officer,
Statistical Cell

To

Deputy Director (IT Cell)
U.O. No. 1/2-2018 STAT
Dated: 08.4.2022

## फ्रउच्चतर शिक्षा विभाग की वर्ष 2017–2018 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

### अध्याय : पहला

### प्रशासन एवं संगठन :

**(क) सचिवालय स्तर परः–** वर्ष 2017–2018 में श्री राम बिलास शर्मा ने शिक्षा मन्त्री के रूप में कार्य किया। रिपोर्टाधीन अवधि में डा0 महावीर सिंह, आई0 ए0 एस0 ने प्रधान सचिव के पद पर एवं श्रीमति ज्योति अरोरा, आई0 ए0 एस0, अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग के पद पर रहे।

**(ख) निदेशालय स्तर परः–** इस अवधि में श्री विजय सिंह दहिया आई0 ए0 एस0 ने महानिदेशक उच्चतर शिक्षा एवं श्री ए. श्रीनिवास आई0 ए0 एस0, ने निदेशक उच्चतर शिक्षा के पद पर समय समय पर कार्य किया।

निम्नलिखित पदों पर अन्य अधिकारियों ने कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए निदेशक उच्चतर शिक्षा को सहयोग दिया।

| क्रमांक | पद | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अतिरिक्त निदेशक / संयुक्त निदेशक, प्रशासन | 1 |
| 2. | संयुक्त निदेशक | 2 |
| 3. | उप–निदेशक | 3 |
| 4. | उप–निदेशक कैडेट कोर्पस | 1 |
| 5. | जिला न्यायवादी | 1 |
| 6. | सहायक निदेशक ( मिनिस्ट्रियल कैडर ) | 2 |
| 7. | मुख्य लेखाअधिकारी | 1 |
| 8. | लेखाअधिकारी | 2 |
| 9 | रजिस्ट्रार शिक्षा | 1 |
| 10 | बजट अधिकारी | 1 |
| 11. | सहायक जिला न्यायवादी | 1 |
| 12. | अधीक्षक | 10 |

**सेवानिवृत्त कर्मचारी / अधिकारियों का विवरण इस प्रकार है:–**

| क्रमांक | विवरण (नाम / पदनाम) | सेवानिवृत्ति की तिथि | विशेष कथन |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री मोहन लाल, सुख सहायक | 30.04.2017 | – |
| 2 | श्री सुशील कुमार, सहायक निदेशक | 31.10.2017 | – |
| 3 | श्री कर्मबीर सिंह, उपनिदेशक | 31.10.2017 | – |
| 4 | श्रीमति वंदना सहगल, उपनिदेशक | 31.12.2017 | – |
| 5 | श्रीमति गीता शर्मा, सयुंक्त निदेशक | 31.12.2017 | – |
| 6 | श्री सुरेन्द्र पाल सिंह, संयुक्त निदेशक | 31.12.2017 | – |
| 7 | श्रीमति शशि बाला, सहायक | 31.12.2017 | – |
| 8 | श्रीमति कमलेश बजाज, सहायक अनुसंधान अधिकारी | 31.01.2018 | – |
| 9 | श्री विनय कुमार कौशल, सहायक निदेशक | 30.04.2018 | – |

**हरियाणा सरकार से चंडीगढ़ प्रशासन में प्रति नियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारी / अधि–कारियों का विवरण निम्न प्रकार से है:–**

| क्रमांक | विवरण (नाम / पदनाम) | सेवानिवृत्ति की तिथि | विशेष कथन |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री अरुण कुमार एसो0 प्रो0, राजकीय महाविद्यालय सैक्टर– 46 चंडीगढ़ | 30.10.2017 | – |
| 2 | श्रीमति शशि किरण, एसो0 प्रो0 राजकीय महिला महाविद्यालय, सैक्टर– 11 चंडीगढ़ | 31.01.2018 | – |
| 3 | श्रीमति कमलेश खोसला, एसो0 प्रो0 राजकीय महिला महाविद्यालय, सैक्टर– 11 चंडीगढ़ | 28.02.2018 | – |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | श्रीमति नीना गोयल, एसो0 प्रो0 राजकीय महिला महाविद्यालय, सैक्टर– 11 चंडीगढ़ | 30.04.2018 | — |
| 5 | श्रीमति प्रेमलता राठी, एसो0 प्रो0 राजकीय महिला महाविद्यालय, सैक्टर– 11 चंडीगढ़ | 31.05.2018 | — |
| 6 | श्रीमति तारा मित्तल, एसो0 प्रो0 राजकीय महिला महाविद्यालय, सैक्टर– 11 चंडीगढ़ | 31.05.2018 | — |

2 उपरोक्त अवधि के दौरान जिन कर्मचारी/अधिकारियों ने ऐच्छिक सेवानिवृत्ति (VRS) ली है उनका विवरण इस प्रकार है:–

| क्रमांक | विवरण (नाम/पदनाम) | सेवानिवृत्ति की तिथि | विशेष कथन |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति मोनिका मलिक, उपनिदेशक | 31.03.2018 | ऐच्छिक सेवानिवृत्ति |

3 उपरोक्त अवधि के दौरान किसी भी कर्मचारी/अधिकारी को Ex-gratia का लाभ नहीं दिया गया।

## महाविद्यालय

राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य प्रत्यक्ष रूप में सुचारू रूप से प्रशासन चलाने तथा उच्चतर शिक्षा के विकास के लिए निदेशालय उच्चतर शिक्षा के प्रति उत्तरदायी हैं तथा गैर सरकारी महाविद्यालयों का प्रशासन उनकी अपनी–अपनी प्रबन्धक समितियां ही चलाती हैं। राज्य में स्थित सभी महाविद्यालय सम्बंधित विश्वविद्यालयों की शिक्षा नीति को कार्यान्वित हैं।

## शिक्षा पर व्यय

वर्ष 2017–2018 में उच्चतर शिक्षा के लिए 180133.03/– लाख रुपये की वित्त व्यवस्था की गई, जिसमें से कुल 166630.39/– लाख रुपये की राशि व्यय की गई है।

## विश्वविद्यालय तथा पोस्ट–ग्रेजूएट रीजनल सैन्टर

1. सभी विश्वविद्यालयों में Online admission with Aadhar enabled हेतू कुलपति को लिखा जा चुका है।
2. कांकरौला, जिला गुरुग्राम में गुरुग्राम विश्वविद्यालय की स्थापना हो चुकी है व मुन्दड़ी में सरकारी विश्वविद्यालय खोलने हेतू मामला सरकार के विचाराधीन है।
3. कोर्ट/चौकसी विभाग की रिपोर्ट अनुसार श्री जय किशन रंगा, उप अधीक्षक महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक की सेवाएं समाप्त करने बारे विश्वविद्यालय को लिखा गया है।
4. स्टारैक्स निजी विश्वविद्यालय, बिनौला, जिला गुरुग्राम की दिनांक 25.05.2016 को स्थापना हो चुकी है।

रिपोर्टाधीन अवधि में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के अन्तर्गत आने वाले विश्वविद्यालयों एवं उनसे ऐफीलीऐटेड महाविद्यालयों में छात्रों की संख्या निम्न प्रकार रही :–

| कमांक संख्या | विश्वविद्यालय | छात्रों की संख्या | छात्राओं की संख्या | छात्रों व छात्राओं की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र | 76254 | 92384 | 168638 |
| 2. | महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय,रोहतक | 165230 | 168414 | 333644 |
| 3. | चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय,सिरसा | 20434 | 23237 | 43671 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी | 5431 | 11901 | 17332 |
| 5. | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां, सोनीपत | 00 | 5757 | 5757 |
| 6. | चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी | 252 | 712 | 964 |
| 7. | चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय,जीन्द | 16956 | 44430 | 61386 |
| | कुल छात्रों व छात्राओं की संख्या | 284557 | 346835 | 631392 |

रिपोर्टाधीन अवधि में महाविद्यालयों में छात्र व छात्राओं की संख्या निम्न प्रकार रही :–

| क्रमांक संख्या | शिक्षण संस्थान | छात्रों की संख्या | छात्राओं की संख्या | छात्रों व छात्राओं की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजकीय महाविद्यालय | 66408 | 80012 | 146420 |
| 2. | अराजकीय महाविद्यालय | 82412 | 87131 | 169543 |
| 3. | स्वः वित्त पोषित महाविद्यालय | 15590 | 31836 | 47426 |
| | कुल छात्रों की संख्या | 164410 | 198979 | 363889 |

**राजकीय महाविद्यालय**

रिपोर्टाधीन अवधि में राज्य में 113 राजकीय महाविद्यालय कार्यशील रहे जिसमें 33 महिला महाविद्यालय शामिल है । इस दौरान 03 नये महाविद्यालय खोले गये ।

**अराजकीय महाविद्यालय**

1. वर्तमान समय में राज्य में कुल 97 अराजकीय सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालय स्थित है, 88 स्ववित्त पोषित निजि महाविद्यालय, 18 लॉ महाविद्यालय, 1 फिजिकल और स्पोर्ट महाविद्यालय तथा 475 वित्त पोषी निजि शिक्षण महाविद्यालय हैं।
2. वित्त वर्ष 2017–18 में अराजकीय सहायता प्राप्त डिग्री निजी महाविद्यालयों के स्टाफ को वेतन आदि के भुगतान के लिए 357 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।
3. वर्ष 2017–18 में वित्त पोषी स्कीम के तहत 04 नये डिग्री महाविद्यालय एवं 1 लॉ महाविद्यालय खोले गये हैं।
4. वर्ष 2017–18 में अराजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में 6 प्राचार्य और 140 सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति की गई है।

**अराजकीय महाविद्यालयों में सेवानिवृत्ति व पैंशन की स्थिति**

सरकार द्वारा अराजकीय सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालयों से सेवानिवृत अधिकारियों/कर्मचारियों को दिनांक 11.05.1998 से अधिसूचना जारी करके अंशदायी आधार पर पैंशन प्रदान की गई, जिसके कारण पैंशन से वंचित सेवानिवृत्त कर्मचारियो द्वारा पैंशन प्रदान

करने का बार–2 अनुरोध किया गया। इन कर्मचारियों की मांग को सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुये इन महाविद्यालयों से दिनांक 01.01.1988 से 10.05.1998 की अवधि के दौरान सेवानिवृत लगभग 150 ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों (जिनको पैंशन लाभ नही मिल रहा था) को दिनांक 01.04.2017 से प० दीन दयाल उपाध्याय मानदेय स्कीम लागू करके वृद्ध अवस्था सम्मान के तौर पर निम्नलिखित दर से मानदेय प्रदान किया गया जो सरकार की विशेष उपलब्धि है:–

| Sr. No. | Category | Honorarium Rate P.M |
|---|---|---|
| 1 | Principal | 30,000/- |
| 2 | Lecturers | 25,000/- |
| 3 | Non Teaching Staff (Class III) | 11000/- |
| 4 | Non Teaching Staff (Class IV) | 6000/- |

**राजकीय महाविद्यालय**

1. राजकीय महाविद्यालयों मे कार्यरत 120 सहायक प्रोफेसरों को वरिष्ठ वेतनमान, 83 सहायक प्रोफेसरों को प्रवरण वेतनमान एवं 181 सहायक प्रोफेसरों को पे–बैन्ड–4 वेतनमान प्रदान किये है।
2. राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत लगभग 120 सहायक / एसोसिएट प्रोफेसरों को 50/55 वर्ष की आयु उपरान्त सेवावृद्वि प्रदान की गई है।
3 राजकीय महाविद्यालयों मे कार्यरत 848 सहायक प्रोफेसर / एसोसिएट प्रोफेसरस की स्थाई करण (confirmation) की गई है।
4 दिनांक 01.08.2014 की प्रोविजनल वरिष्ठता सूचि पर objection मांग उसे फाइनल करने बारे कार्यवाही की जा रही है।

**अराजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय**

वर्ष 2016–17 में न्यू सेलेक्शन क्राईटेरिया दिनांक 14.03.2017 को जारी किया गया और उसी अनुसार भर्ती प्रकिया जारी की गई।

# अध्याय : दूसरा

## उच्चतर शिक्षा (सामान्य)

### शिक्षण महाविद्यालय

राज्य में अध्यापक प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था है। इस समय राज्य में 475 स्ववित्त पोषित शिक्षण महाविद्यालय चल रहे है, इनमें से 34 महिला शिक्षण महाविद्यालय है।

### सह–शिक्षा

हरियाणा राज्य में लड़कों के सभी महाविद्यालयों में लडकियों को भी पढ़ने की अनुमति है।

### राजकीय महाविद्यालयों में प्लेसमैंट सैल स्थापित करने बारे।

यह स्कीम वर्ष 2005–06 में शुरु की गई थी तथा इस स्कीम के अन्तर्गत सभी राजकीय महाविद्यालयों में प्राचार्य तथा वरिष्ठ प्राध्यापकों की कमेटी की देखरेख में प्लेसमैंट सैल की स्थापना की गई है।

वर्ष 2017–18 में इस उद्देश्य के लिए 113 राजकीय महाविद्यालयों में 120.00 लाख रुपए वितरित किए गए थे। वर्ष 2018–19 में 250.00 लाख रुपये के बजट की व्यवस्था है और 113 राजकीय महाविद्यालयों में 122.64 लाख रुपये वितरित किए जा चुके है। राज्य के इतिहास में राजकीय महाविद्यालयों के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित चार प्लेसमैंट मेले लगाए जा रहे है।

### आई. टी. स्कीम

आई. टी. स्कीम के अन्तर्गत वर्ष 2017–18 में 175.00 लाख रुपये की राशि का प्लान पक्ष में बजट का प्रावधान करवाया गया था, इस स्कीम का उद्देश्य मुख्यालय स्तर से क्षेत्रीय स्तर तक संचार व्यवस्था के माध्यम से कार्यशैली में तेज गति लाने से है। इस स्कीम के अन्तर्गत 88 राजकीय महाविद्यालयों में कम्पयूटरीकृत प्रयोगशाला स्थापित की गई है, जो कि आधुनिक शिक्षा के लिए अति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त भिन्न–2 महाविद्यालय में कम्पयूटर की खरीद करने तथा उनका रख–रखाव करने पर राशि खर्च की जाती हैं। इसके अतिरिक्त इस स्कीम के मुख्यालय स्तर पर कार्यरत डाटा एन्ट्री आपरेटर्स की सैलरी भी प्रदान की जाती है एवं मुख्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर राजकीय महाविद्यालयों में आई. टी. उपकरणों की खरीद इत्यादि की जाती है।

## अध्याय : तीसरा

### छात्रवृत्ति स्कीमें

हरियाणा सरकार सदैव विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा की ओर आकर्षित करने के लिए प्रयासरत् रही है। मेधावी, अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग तथा अनुसूचित कबीलों से सम्बंधित छात्रों के लिए कई प्रकार की छात्रवृत्ति तथा आर्थिक सहायता प्रदान करने संबंधित योजनाएं हरियाणा सरकार द्वारा राज्य भर में चलाई जा रही है ताकि ये विद्यार्थी अपनी शिक्षा सम्पूर्ण कर सके। अप्रैल 2017 से 16 मार्च 2018 तक विभिन्न परियोजनाओं के तहत अलग–2 श्रेणियों के विद्यार्थियों की एक बड़ी संख्या को उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा लाभान्वित किया गया है। जैसे अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए कल्याणकारी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ष 2017–18 में 17867 अनुसूचित जाति के छात्रों को व पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 21361 विद्यार्थियों को, राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के छात्रों के कल्याण हेतु चलाई गई संकलित स्टाईफन्ड योजना के तहत राजकीय महाविद्यालयों 45676 छात्रों को, छात्रवृत्ति तथा 42576 छात्रों को योजना के तहत राजकीय महाविद्यालयों की 2153 छात्राओं को, हरियाणा राज्य मेधावी छात्रवृत्ति योजना के राजकीय महाविद्यालयों के 2519 छात्र/छात्राओं को, सीबीएसई परीक्षा में मैरिट अनुसार विद्यार्थियों के लिए हरियाणा स्टेट मैरिटोरियस इन्सैन्टिव योजना के तहत 5 विद्यार्थीयों को, स्वतंत्रता सेनानियों के पोते/ पोतियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजना के तहत 332 छात्र/छात्राएं लाभान्वित हुए । हरियाणा स्टेट स्कीम के तहत 989 छात्र/छात्राएं व अल्प आय वर्ग स्कीम के लिए 33 छात्र/छात्राएं लाभान्वित हुए। इस प्रकार छात्रवृत्ति के वर्ष 2017–18 में विभिन्न स्कीमों के अन्तर्गत 92,11,47,808/–रुपये की राशि खर्च हुई तथा इससे कुल 133511 छात्र/छात्राएं लाभान्वित हुये।

# अध्याय : चौथा

## 1. छात्राओं की अधिकारिता:–

छात्राओं की अधिकारिता तथा उनकी प्रतिभा के विकास के उद्देश्य से वर्ष 2005–06 में यह स्कीम आरम्भ की गई थी। इस स्कीम के तहत छात्राओं को लिंग भेद से सम्बंधित मुद्दों के बारे जागरुक बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के संचालन हेतु राज्य के सभी राजकीय महाविद्यालयों में महिला प्रकोष्ठ की स्थापना की हुई है। वर्ष 2017–18 में इस स्कीम के अन्तर्गत 100.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था। यह सम्पूर्ण राशि राजकीय महाविद्यालयों को आबंटित की गई जिसमें से 92.59 लाख रुपये की राशि खर्च हुई।

## 2. मानव संसाधन विकास –टीचर एण्ड टॉट:–

वर्ष 2005–06 में अध्यापक एवं सहायक स्टाफ हेतु यह स्कीम बनाई गई थी। इस स्कीम के अन्तर्गत अध्यापकों एवं सहायक स्टाफ की उन्नति के लिए सेमिनार/कान्फ्रेंन्स/रिफ्रेंशर कोर्स/ओरियएटेंशन कोर्स करवाए जाते हैं। प्राध्यापक राज्य / राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार में भाग लेकर तथा हिपा एवं दूसरी संस्थाओं द्वारा आयोजित ट्रेनिंग प्रोग्राम में भी भाग लेकर लाभाविन्त होते हैं। वर्ष 2017–18 में इसके तहत् 100.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था। यह सम्पूर्ण राशि राजकीय/अराजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों को आबंटित की गई जिसमें से 88.75 लाख रुपये की राशि उपयोग हुई।

## 3. मानव संसाधन विकास–कमाये, जब आप शिक्षा पाए छात्रों के लिए योजना:–

वर्ष 2005–06 में जरुरतमंद विद्यार्थियों हेतु "कमाये, जब आप शिक्षा पाए" योजना शुरु की गई थी ताकि वे अपनी पढ़ाई को स्वयं अपने स्तर पर चालू रख सके। यह स्कीम विद्यार्थियों मे आत्मविश्वास एवं काम करने की लग्न को बढ़ाने के साथ–साथ अपनी सभ्यता से जुड़े होने का अवसर भी प्रदान करती है। वर्ष 2017–18 में इसके तहत् 130.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था। यह सम्पूर्ण राशि राजकीय/अराजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों को आबंटित की गई जिसमें से 121.95 लाख रुपये की राशि उपयोग हुई।

## 4. प्रयोगशालाओं का उत्थान:–

वर्ष 2005–06 में राजकीय महाविद्यालयों में प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण तथा स्तरोन्नत करने के लिए एक योजना शुरु की गई थी। यह योजना उन छात्रों के लिए लाभदायक सिद्ध हुई जो साईंस विषय तथा प्रायोगिक विषय पढ़ते हैं। वर्ष 2017–18 में इसके तहत् 150.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था। यह सम्पूर्ण राशि राजकीय/अराजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों को आबंटित की गई जिसमें से 136.12 लाख रुपये की राशि उपयोग हुई।

5 **विज्ञान प्रदर्शनी हेतु सहायताः–**

यह स्कीम महाविद्यालय, जिला तथा राज्य स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए शुरु की गई थी। इस स्कीम से उन सभी विद्यार्थियो को जो विज्ञान और दूसरे प्रायोगिक विषय जैसे कि ज्योग्राफी, साईक्लोजी, कम्पयूटर साईंस विषयों में अध्ययन करते है, को लाभ होगा। वर्ष 2017–18 में इस स्कीम के तहत् 50.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था। जिसमे से 46.30 लाख रुपये की राशि राजकीय/अराजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों को आबंटित की गई जिसमें से 45.37 लाख रुपये की राशि उपयोग हुई।

6 **खेलकूद उत्थान योजनाः–**

खेलों के स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य हेतु तथा विद्यार्थियों के राज्य / राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए यह योजना वर्ष 2005–06 में शुरु की गई थी। यह योजना उन छात्रों को भी सहायता प्रदान करती है जो ओलम्पिक में खेले जानी वाली खेलों के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। वर्ष 2017–18 में कुल आठ खेलों में (बॉक्सिंग, जूडो, कुश्ती, फुटबॉल,कबड्डी, योगा और बैडमिन्टन) प्रतियोगिताएं करवाई गई। सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों तथा खेल जगत के प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा इन प्रतियोगिताओं की भरपूर सराहना की गई। वर्ष 2017–18 में इस स्कीम के तहत् 200.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था यह सम्पूर्ण राशि राजकीय/अराजकीय महाविद्यालयों को आबंटित की गई जिसमे से 187.93 लाख रुपये की राशि उपयोग हुई।

7 **राजकीय महाविद्यालयों की लड़कियों के लिए शैक्षणिक यात्रा / भ्रमणः–**

लड़कियों के लिए शैक्षणिक यात्रा /भ्रमण के लिए एक नई स्कीम 2011–12 में आरम्भ की गई। इस स्कीम के तहत छात्राओं को साहसिक / ऐतिहासिक भ्रमण करवाए जाते हैं। वर्ष 2017–18 में इसके तहत् 50.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था जिसमे से 49.64 लाख रुपये की राशि राजकीय महाविद्यालयों को आबंटित की गई जिसमें से 43.17 लाख रुपये की राशि उपयोग हुई।

8 **राजकीय महाविद्यालयों के लड़कों के लिए शैक्षणिक यात्रा / भ्रमणः–**

लड़को के लिये शैक्षणिक यात्रा / भ्रमण के लिये एक नई स्कीम 2011–12 में आरम्भ की गई। इस स्कीम के तहत् छात्रों को साहसिक/ ऐतिहासिक भ्रमण करवाए जाते हैं। वर्ष 2017–18 में इसके तहत 50.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान था जिसमें से 42.02 लाख रुपये की राशि उपयोग हुई।

9 **राजकीय महाविद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षाः–**

दुनिया भर में उच्चतर शिक्षा के बदलते स्वरुप एवं कम्प्यूटर शिक्षा को रोजगार के सभी क्षेत्रो में प्राथमिकता बनते देख कम्प्यूटर शिक्षा प्रोग्राम को सभी सरकारी कॉलेजो में शुरु करने की जरुरत है, जहां सभी विद्यार्थी आई0 टी0 शिक्षा के मूलभूत तत्वों को सीखें और उनको

ग्रहण करके अपनी शिक्षा के पूरी होने तक हर पल बढ़ते हुए आई0 टी0 के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सके।

कुल 110 कॉलेजों में कम्प्यूटर प्रयोगशालाएँ स्थापित कर चुके हैं। कम्प्यूटर एवं उससे सम्बंधित सभी उपकरण तथा फर्नीचर इत्यादि उपलब्ध करवाये गये है।

10 <u>उत्कृष्ट महाविद्यालयः–</u>

राज्य के 31 राजकीय महाविद्यालयों को उत्कृष्ट महाविद्यालयों में परिवर्तित कर दिया गया है। अब इस स्कीम के तहत् विभिन्न राजकीय महाविद्यालयो में इस वर्ष के अन्त तक 66 भाषा प्रयोगशालाएँ क्रियाशील हो चुकी है। वर्ष 2017–18 में उक्त स्कीम मे 180.00 लाख रुपये की राशि आबंटित की गई जिसमे से 159.16 लाख रुपये की राशि खर्च हुई।

# अध्याय : पाँचवां

## पुस्तकालय

वर्तमान में राज्य में 113 राजकीय महाविद्यालयों के पुस्तकालयों के अतिरिक्त राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, अम्बाला छावनी एवं 19 जिला पुस्तकालय तथा 7 उप मण्डल पुस्तकालय सुचारु रुप से चल रहे हैं।

1. वर्ष 2017–18 में राजा राम मोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान कोलकता की मैचिंग ग्रांट स्कीम के तहत एक केन्द्रीय पुस्तकालय एवं 19 जिला पुस्तकालय तथा 7 उप मण्डल पुस्तकालय के लिये पुस्तकें, फर्नीचर आदि उपलब्ध करवाने के लिये राज्य सरकार द्वारा 30.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान किया गया तथा प्रतिष्ठान कोलकता से 60 प्रतिशत अंशदान के रुप में 45.00 लाख रुपये की राशि प्राप्त कर, कुल 75.00 लाख रुपये की राशि व्यय की गई। इसके अतिरिक्त रु0 17,000/– की ग्रांट द्वारका दास पुस्तकालय, चण्डीगढ को प्रतिवर्ष की तरह वर्ष 2017–18 में भी भेजी गई। रिपोर्टाधीन अवधि में हरियाणा सरकार की ओर से सार्वजनिक पुस्तकालयों के सुदृढीकरण हेतु कुल 30,31,000/–रु0 की राशि प्रदान की गई
2. राज्य के 113 राजकीय महाविद्यालयों में स्थित पुस्तकालयों की सेवायें सुदृढ करने हेतु वर्ष 2017–18 में राजकीय महाविद्यालयों को 250.00 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई
3. वर्ष 2017–18 मे जिला पुस्तकालय (पंचकूला, यमुनानगर, कैथल, पानीपत, रेवाडी, नूंह, झज्जर तथा फतेहाबाद) के स्टाफ की सैलरी इत्यादि हेतु बजट में 75.00 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई।

# अध्याय : छठा

## एन0 सी0 सी0 कैडिट / राष्ट्रीय सेवा योजना

1. 26 जनवरी 2018 को हुए गणतन्त्र दिवस में हर वर्ष की भांति हमारे 29 एन0 सी0 सी0 के कैडिटो ने परेड तथा प्रधानमंत्री रैली में भाग लिया। प्रत्येक कैडिट को एक प्रशस्ति पत्र, मोमेन्टो तथा 22,000/– रुपये नकद दिए गये।
2. ANOs के विभिन्न Allowances बढा दिए गए जो कि 1 अप्रैल 2017 से प्रभावी हुए।
3. प्रदेश के इतिहास में 'Special NCC Cadets Incentive Scheme, Govt. of Haryana-NCC Cadets Protsahn Yojana' शुरु की गई है, जिसका कैडिट लाभ उठा रहे है।
4. राजकीय महाविद्यालय, घरौंडा (करनाल) में एन0 सी0 सी0 अकादमी स्थापित करने का माननीय मुख्य मन्त्री महोदय से अनुमोदन प्राप्त किया जा चुका है तथा जल्द ही अकादमी का नींव पत्थर माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा रखे जाने बारे कार्यवाही की जा रही है।
5. वर्ष 2017–18 में नॉन–प्लान पक्ष पर विभिन्न एन0 सी0 सी0 यूनिटस हेतु 18,88,20,000/– रुपये की राशि तथा 1,26,00,000/– रुपये की राशि प्लान पक्ष पर अलॉट की गई है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना एन0 एस0 एस0 के नाम से जानी जाती है। यह राष्ट्रीय सेवा योजना महात्मा गाँधी के जन्म शताब्दी वर्ष 1869 से शुरु की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धान्त वाक्य अथवा प्रत्ययवचन है "मुझे नहीं आपको"। यह सिद्धान्त वाक्य प्रजातान्त्रिक ढ़ंग से रहने का सार बताता है, निःस्वार्थ सेवा की आवश्यकता का समर्थन करता है। वर्तमान में भारत सरकार द्वारा हरियाणा राज्य को 1111 युनिटस अलॉट की गई हैं जिनमें से 1095.5 एन0 एस0 एस0 युनिट्स (Grant-in aid-mode) कार्यरत हैं तथा Self finance mode में लगभग 99 एन0 एस0 एस0 युनिट्स कार्य कर रही है। वित्त वर्ष 2017–18 से एन0 एस0 एस0 स्कीम पर होने वाला खर्चा 100 % भारत सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

वित्त वर्ष 2017–18 में एन0 एस0 एस0 शाखा की उपलब्धियां निम्नानुसार हैः–

### गतिविधियां / उपलब्धियां

1. दिनांक 31/03/2017 से 06/04/2017 तक Seven Star International School बानी, जिला हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित हुए National Integration Camp में 16 स्वयंसेवक / स्वयंसेविकाओं तथा 1 कार्यक्रम अधिकारी ने भाग लिया।
2. एन0 एस0 एस0 ग्रान्ट विलम्ब से प्राप्त होने के कारण निदेशक महोदय से विशेष अनुमति प्राप्त करने उपरान्त दिनांक 30/04/2017 तक एन0 एस0 एस0 युनिट्स द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 952 सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किये गये।
3. दिनांक 12/06/2017 को हरियाणा राज्य से वर्ष 2017–18 के 8 नांमाकन (3 Male, 3 Female Volunteers +1 Unit along with Programme Officer +1 University

along with University Coordinator) इंदिरा गांधी एन0 एस0 एस0 अवार्ड के लिये भारत सरकार को भेजे गये जिनमें से 2 स्वयंसेवक इस अवार्ड हेतु चुने जिनको महामहिम राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 22.12.2017 को सम्मानित किया गया।

4. दिनांक 21/06/2017 को सभी एन0 एस0 एस0 युनिट्स में "राष्ट्रीय योग दिवस" मनाया गया।
5. एन0 एस0 एस0 युनिट्स द्वारा Road safety campaign आयोजित किये गये व लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने बारे जागरुक किया गया।
6. हरियाणा राज्य में सभी एन0 एस0 एस0 युनिट्स के proper संचालन हेतू राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वारा जिला स्तर पर + 2 council के कार्यक्रम अधिकारियों के साथ 21 मींटिगस की गई व चरखी दादरी जिले में एन0 एस0 एस0 युनिट्स के पूर्ण संचालन हेतु नये जिला कोर्डिनेटर की नियुक्ति की गई।
7. Rajiv Gandhi Institute of Youth Development, Chandigarh के सौजन्य से साल 2017–18 के दौरान 160 कार्यक्रम अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।
8. वर्ष 2017–18 से राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत लगने वाले सात दिवसीय विशेष एन0 एस0 एस0 शिविर में Home Nursing/First Aid certificate courses को सभी वालंटियरस् के लिये अनिवार्य रुप से लागू कर दिया गया।
9. भारत सरकार की हिदायतों के अनुसार स्वतंत्रता की 75वीं सालगिरह मनाने के लिये दिनांक 09/08/2017 व 10/08/2017 को "Commemoration of 75th anniversary of quite India movement." के तहत् कार्यक्रम आयोजित किये गये व शपथ ली गई।
10. भारत सरकार की गाइडलाइन्स अनुसार हरियाणा राज्य में "स्वच्छता पखवाड़ा" में दिनांक 01/08/2017 से 15/08/2017 तक 10 विश्वविद्यालयों, 234 कालेज स्तर व 600 स्कूल स्तर की एन0 एस0 एस0 युनिटस् के लगभग 93800 वालंटियरस् ने हिस्सा लिया व विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम, सफाई अभियान, रैलियां आयोजित की गई व देश को स्वच्छ रखने हेतु स्वच्छता शपथ ली गई।
11. भारत सरकार की गाइडलाइन्स अनुसार "Nation wide Uniform certificate volunteer" के अन्तर्गत सभी एन0 एस0 एस0 युनिटस् को युनिट कोड आबंटित किये गये।
12. भारत सरकार की गाइडलाइन्स अनुसार एन0 एस0 एस0 युनिटस् ने दिनांक 05/09/2017 को अध्यापक दिवस के अवसर पर Swachhta Essay & Film, competition का आयोजन किया।
13. Haryana Golden Jubilee Year Celebration के उपलक्ष्य में Indian Red Cross Society, Haryana के सहयोग से State NSS Cell द्वारा "EK Bharat Shreshtha Bharat" National Integration Camp का आयोजन अतिथि राज्य तेलंगाना के साथ दिनांक 02/10/2017 से 08/10/2017 तक Guru Jambheshwar University of Science & Tech., Hisar में किया गया।
14. दिनांक 06/10/2017 से 12/10/2017 तक Govt. College, Seema (HP) में Naitonal Integration camp आयोजित किया गया जिसमें 6 Male + 6 Female volunteers तथा 1Programme Officer ने भाग लिया।
15. हरियाणा राज्य द्वारा दिनांक 25/10/2017 से 05/11/2017 तक एन0 एस0 एस0 Pre-RD camp 2017-18 (North Zone) का आयोजन Ch. Charan Singh Haryana Agriculture University, Hisar में किया गया।

16. हरियाणा राज्य के सभी उच्चतर शिक्षण संस्थाओं में दिसंबर, 2017 से सड़क सुरक्षा क्लब का गठन किया गया।
17. दिनांक 12.01.2018 से 16.01.2018 तक गौतम बुद्ध युनिवर्सिटी नोएडा में हुए 22nd National Youth Festival में हरियाणा राज्य के 63 स्वयंसेवकों व 2 कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया।
18. दिनांक 26.01.2018 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में हुई RD Parade Camp 01.01.2018 to 31.01.2018 में हरियाणा राज्य से 8 स्वयंसेवकों व 1 कार्यक्रम अधिकारी ने भाग लिया।
19. दिनांक 27.02.2018 से 05.03.2018 तक एन0 एस0 एस0 राज्य स्तरीय कैम्प का आयोजन राजकीय महाविद्यालय छछरौली में किया गया जिसमें 200 स्वयंसेवक व 12 कार्यक्रम अधिकारियों ने हिस्सा लिया।
20. विद्यार्थियों को एड्स के प्रति जागरुक करने हेतु हरियाणा राज्य के महाविद्यालयों के Red Ribbon Clubs को रैड रिबन स्कीम के अन्तर्गत 3,61,020/–रुपये की राशि Aids Awareness Activities संचालित करने हेतु आबंटित की गई।
21. दिनांक 17.03.2018 को भारत सरकार से 95,16,389/– रुपये की राशि NSS Activities हेतु प्राप्त हुई जोकि एन0 एस0 एस0 युनिटस में आबंटित कर दी गई।
22. हिसार में आयोजित Haryana Golden Jubilee Year Celebration के समापन समारोह में 1500 NSS Volunteers ने भाग लिया।

## अध्याय : सातवां

### राजकीय महाविद्यालयों की मुरम्मत तथा विविध निर्माण कार्यः–

वित्त वर्ष 2017–18 में राजकीय महाविद्यालयों के निर्माण कार्यो हेतु 298.00 करोड़ रु0 की राशि का प्रावधान किया गया था। तद्पश्चात संशोधित बजट अनुसार 248.00 करोड़ रुपये की राशि व्यवस्थित की गई जिसमें से 23797.67 लाख रुपये विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों को निर्माण कार्य हेतु जारी किये गए। इसके अतिरिक्त राजकीय महाविद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं अनुरक्षण नामक स्कीम के तहत 2.00 करोड़ रु0 की राशि का बजट प्रावधान किया गया है जिसमें से लगभग 1.37 करोड़ रुपये विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों को निर्माण/रिपेयर कार्य हेतु जारी किये गए।

वर्ष 2017–18 के दौरान व्यवस्थित राशि 248.00 करोड़ की राशि में से निम्नानुसार राशि की प्रशासकीय स्वीकृतियां जारी की गई है :–

**Construction of Govt. College/Hostel Building Budget Provision of Rs. 298.00 Crore in revised budget amount allotted 248.00 crore for the year 2017-18 under the Major Head 4202 "4202" Capital outlay.**

| Sr. No. | Subject | No. & date | Executive agency PWD/Police Housing Co-operation | Amount sanctioned (In Lacs) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of NCC Academy at Gharaunda CM announcement) | 4/40-14 w(2) dated 26.4.17 | PWD | 5694.00 |
| 2. | Reg renovation of Toilets, Basket Ball Court, Badminton Court, and Roads etc in Govt. College, Jatauli Haily Mandi ( Gurugram) (C.M. Announcement) | 4/8-15 W(2) dated 26.4.17 | HPHC | 34.82 |
| 3. | GC Panchkula Construction of I.T. block | 4/6-08 W(2) dated 16.5.17 | HPHC | 486.99 |
| 4. | Pt.CLS Govt. P.G. College, Karnal<br>1KV Electric Sub-station and D.G. Set<br>Sound Projection System, Fire Alarm System, Stage Lighting, CCTV Cameras and Air Conditioning | 4/33-06 W(2) dated 16.5.17. | PWD | 101.41<br>157.00 |
| 5. | Govt. College Ambala Cantt revised administrative approval for construction of new block at a estimated cost of Rs. 118.90 lac, Rs. 68.09 lac has already been sanctioned vide letter No. 1/3-16 RUSA dated 29.6.16 an amount of Rs. 118.90-68.09 =50.81 lac is sanctioned | 4/12-17(2) dated 26.5.17 | PWD | 50.81 |
| 6. | Construction of Boundary wall in G.C. Bhiwani. | 4/33-13(2) dt.29.6.17 | PWD | 67.24 |
| 7. | Reg provision of PNG (Piped Natural Gas) for Chemistry lab in the newly constructed Science Block in Govt. College, Tigaon | 1/1-13(2) dt.29.6.17 | HPHC | 1.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (Faridabad). | | | |
| 8. | Construction of Teaching block in GCW Narnaul | 4/1-10W(2) 29.6.17 | HPHC | 455.90 |
| 9. | Construction of Auditorium in Govt.College,Ateli (Mahendergarh) (C.M. announcement code 16480 dt. 11.11.16) | 1/30-16 W(2) 19.7.17 | PWD | 1353.06 |
| 10. | Repair/Maintenance of sewerage system of Govt. College, Bhiwani. | 4/3-15 W(2) 19.7.17 | PWD | 19.60 |
| 11. | Construction of Teaching block in GC Nahar & Library | 4/13-15 dt.21.7.17 | PWD | 432.43 |
| 12. | Govt. College, Rithoj-Sohna (Gurugram) construction of college building | 4/15-17 dated 31.7.17 | PWD | 1200.00 |
| 13. | Regarding providing Estate Water Supply (P.H. Services) & fixing of Rain Water Harvesting System and Fire fighting System in the building of Govt. College in village Dadupur -Jundla (Karnal ) | 1/1-15 dt.4.8.17 | PWD | 69.65 |
| 14. | Regarding providing Estate Water Supply (P.H. Services) & fixing of Rain Water Harvesting System and Fire fighting System in the building of Govt. College Mohna (Faridabad) | 1/34-15 dt.4.8.17 | PWD | 43.85 |
| 15. | Regarding providing Estate Water Supply (P.H. Services) & fixing of Rain Water Harvesting System and Fire fighting System in the building of Govt. College Nacholi(Faridabad) | 1/20-16 dt. 4.8.17 | PWD | 45.65 |
| 16. | College of Commerce & Science, Sector-51, Gurugram (building) | 4/18-09 dt.4.8.17 | HUDA | 1551.00 |
| 17. | Construction of Govt. College Sector -52 Gurugram | 1/16-17 dated 11.8.17 | HPHC | 1200.00 |
| 18. | Govt. College, Saha construction of Science block | KW 28/52-95 dt.18.8.17 | PWD | 324.21 |
| 19. | Govt. College, Kalka<br>Construction of RCC retaining wall at Govt. College, Kalka (Panchkula). Rs. 78.02 lac | 4/38-10 dated 18.8.17 | HPHC | 78.02 |
| 20. | Regarding providing Estate Water Supply (P.H. Services) & fixing of Rain Water Harvesting System and Fire fighting System in the building of Govt. College Nacholi (Faridabad ) | 1/21-16 W(2) dated28.8.17 | PWD | 76.70 |
| 21. | Replacement of cable of Hostel in the campus of Govt. College for Women, Sector-14, Panchkula.(1,53,700/-) say as 1.54 lac | KW 4/54-03 dt.17.10.17 | PWD | 1.54 |
| 22. | Construction of the building of GCW Kheri Chopta (Hisar) | 1/6-17 W(2) dt.22.11.17 | PWD | 1293.48 |
| 23. | Construction of Science blocks and repair under C.M. announcement | 1/26-16 W(2) dt.30.11.17 | PWD | 119.88 |
| 24. | Construction of Teaching block (12 rooms) in Govt. College Safidon | 4/28-16 W(2) dt. 19.1.18 | PWD | 386.43 |
| 25. | Completion of additional class rooms in GC Nalwa<br>an amount of Rs. 74.72 lac has already been sanctioned vide letter No. 1/3-16 RUSA and Rs. 2.20 lac sanctioned under 4202 | KW 4/12-17 dt. 25.1.18 | PWD | 2.20 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 26. | Completion teaching block of 10 rooms in GC Hisar.An amount of Rs. 140.00 lac sanctioned vide letter No.1/3-16 RUSA and Rs. 37.00lac sanctioned under 4202 | KW 4/12-17 dt.25.1.18 | HPHC | 37.00 |
| 27. | GC Mohindergarh reg payment of arbitration fee for construction of Auditorium) Rs. 9,79,046/- say as 9.79 lacs | 4/47-06 W (2) dt. 5.2.18 | PWD | 9.79 |
| 28. | GC Rania reg issuance of administrative approval for fire fighting etc. | 1/5-16W(2) dt. 9.2.18 | PWD | 62.85 |
| 29. | Construction of Parking in Govt. College Jhajjar. | KW4/51-08 dt. 21.2.18 | PWD | 91.21 |
| 30. | Govt. College, Bherian-Pehowa | ¼-13 W2) dt. 8.3.18 | PWD | 798.80 |
| 31. | Construction of building of Commerce & Science Sector-51, Gurugram | 4/18-09 W(2) dt. 15.3.18 | PWD funds to be divert toHUDA | 709.00 |
| 32. | Repair/renovation of Govt. College Tigaon | 4/2-18 W(2) dt. 15.3.18 | PWD | 21.00 |
| 33. | Special repair to EI in 3 Nos Hostel of Pt.NRS GC Rohtak | 4/3-18 W(2) dt.15.3.18 | PWD | 31.69 |
| 34. | Special repair of main gate of Govt. College for Women, Gurugram | 4/35-14 dt. 15.3.18 | PWD | 24.62 |
| 35. | Sound proofing of multipurpose hall & construction of 6 class rooms in Govt. College, Naraingarh(Ambala) amount sanctioned for sound proofing Rs. 187.06 lac and for 6 class rooms Rs. 156.40 lac | 18/6-06 dt.22.3.18 | PWD | 187.06<br>156.40 |
| 36. | GCW Ambala City | 1/12-11 dt.30.3.18 | PWD | 1400.00 |
| 37. | GCW Kulana(Jhajjar) | 1/24-17 dt.30.3.18 | PWD | 1200.00 |
| 38. | GC Mandi Haria(Charkhi Dadri) | 1/24-17 dt.30.3.18 | PWD | 1200.00 |
| 39. | GC Chamukalan(kurukshetra) | 1/24-17 dt.30.3.18 | PWD | 1200.00 |
| | **Total** | | | 22376.31 |

**Revised Administrative approval**

| Sr No | Name of the college | Name of the project | executive agency PWD/ Police Housing Co-operation | Revised Administrative approval issued during the year 17-18 | No & date | Administrative approval issued during the last years | Difference (In Lacs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Govt. College for Women, Kanina-Unhani (Mahendergarh)(C.M. announcement code 10380 dated 6.7.15) | college building | PWD | 1487.02 lac | 1/17-15 W(2) dated 16.5.17 | 1200.00 lac dt. 29.12.16 | 287.02 |
| 2. | GC Raipur Rani | college building | PWD | 1541.51 lac | 1/12-13 W(2) dated 16.5.17 | 1200.00 lac dt. 29.12.16 | 341.51 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | Govt. College, Rithoj | college building | PWD | 1753.01 lac | 4/15-17 W(2) dt. 25.10.17 | 1200.00 lac dt. 31.7.17 | 553.01 |
| 4. | Govt. College Sector -52 Gurugram | college building | HPHC | 1439.82 lac | 1/16-17 W(2) dt. 19.1.18 | 1200.00 lac dt11.8.17 | 239.82 |
| | Total | | | 6221.36 lac | | 4800.00 lac | **1421.36** |

**Total 22376.31 + 1421.36= 23797.67 lac**

Note:- The amount for the construction work of Govt. College under Major Head 4202 "4202" Capital outlay place on the disposal of PWD (B&R) only administrative approval is given by the Department for the construction works expenditure detail is to be given by the PWD.

इसके अतिरिक्त मूलभूत सुविधाओं के सुदृढीकरण एवं अनुरक्षण नामक स्कीम के तहत् 2.00 करोड़ रुपये में से निम्नानुसार प्रशासकीय स्वीकृतियां जारी की गई हैं :–

| Sr. No. | Name of the college | Amount | File No. & Date | Name of Work |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Govt College, Kharkhara | 7,05,000/- | 2/5-2017 w (1) dated 11.08.2017 | For installation of tube well |
| 2 | Govt College, Naraingarh | 4,44,184/- | 2/5-2017 w (1) dated 11.08.2017 | Replacement of Sodium light with cable |
| 3 | Govt College, Bawal (Rewari) | 10,99,000/- | 2/5-2017 w (1) dated 11.08.2017 | Construction of toilets |
| 4 | Govt. College, Sector-9, Gurugram | 4,37,000/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 12.12.2017 | Estimate for special repair to E.I |
| 5 | Govt. College, Jind | 5,55,000/- | KW2/5-2017w dated 12.01.2018 | Installation of tube well |
| 6 | Govt. College, Safidon | 5,00,000/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 12.01.2018 | Special repair of street light and security Light |
| 7 | Govt. College, Bherian(KKR) | 2,15,500/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 12.01.2018 | Flood Light |
| 8 | Govt. College, Sector Panchkula | 42,400/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 12.01.2018 | Electricity Cable |
| 9 | Govt. Girls College, Sector-1 Panchkula | 1,03,000/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 12.01.2018 | Replacement & repair of Defective control Gear Switch and cable |
| 10 | Govt. College for Women, Mohindergarh | 13,44,000/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 12.01.2018 | Installation of tube well |
| 11 | Govt. College , Naraingarh | 20,00,000/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 2.01.2018 | Construction of two class roor |
| 12 | Govt. National College, Sirsa | 2,71,000/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 29.01.2018 | For repair of pipeline |
| | | 9,83,000/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 29.01.2018 | For providing DI Pipeline and boosting station |
| 13 | Govt. College, Adampur (Hisar) | 36,000/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 29.01.2018 | LED tube light fitting |
| 14 | Govt. College for women, Sector-14, Gurugram | 12,82,000/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 29.01.2018 | Special repair providing 20mm prefix carpet |
| 15 | Govt. College for women, Karnal | 63,000/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 29.01.2018 | Replacement of fan |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16 | Govt. College Sidhrawali, Gurugram | 1,78,000/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 29.01.2018 | Special repair providing 20mm prefix carpet |
| 17 | Govt. College, Meham | 20,00,000/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 29.01.2018 | Special repair in art and Science block |
| 18 | Govt. College, Sidhrawali (Gurugram | 1,55,400/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 15.03.2018 | Installation of LED and Electric fitting |
| 19 | Govt. College for Women, Ambala City | 4,84,000/- | KW 2/5-2017 w (1) dated 15.03.2018 | White wash and repair work |
| 20 | Govt. College Safidon | 8,11,000/- | 4/23-2017 W(1) dated 26.03.2018 | Regarding const of main gate and cycle stand under C.M announcement |
| | **TOTAL** | **1,37,08,484/-** | | |

नोटः मूलभूत सुविधाओं के सुदृढीकरण एवं अनुरक्षण नामक स्कीम के तहत् राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को महाविद्यालय के अपने स्तर पर निर्माण कार्य करवाने हेतु 20.00 लाख रुपये तक की राशि खर्च करने की शक्तियां प्रदान की गई हैं।

**<u>ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन</u>**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय दिल्ली ने **उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा** को ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन के कार्य हेतु स्टेट कॉओर्डिनेशन एजेंसी नियुक्त किया है । पूरे हरियाणा राज्य के कार्य को स्टेट कॉओर्डिनेशन एजेंसी कर रही है ।

**<u>चौकसी विभाग से सम्बंधित सूचना</u>**

उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा की रिपोर्टाधीन अवधि में चौकसी विभाग से सम्बंधित सूचना शून्य है ।

******